चौधरी राम कि ान (सफीदों): सभापति महोदय, मेरे साथी ने जो यह रैजोल्यू ान मुव किया है , मैं उसका समर्थन करने के लिये खडा हुआ हूं मैं इस रैजोल्यू ान का स्वागत करता हूं और तमाम हाउस की तरफ से अपने मुख्य मंत्री जी से यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि इन्होने एक बडा सराहनीय कदम उठाया है जो ये एम0एल0ए0 फलैटस में आये है लेकिन यह हमारे लिये कोई अच्छा कदम नहीं था, सिक्योरिटी प्वायंट आफ व्यू से भी और एडमिनिस्ट्रेटिव प्वायंट आफ व्यू से भी। हमारे मुख्य मंत्री जी के लिये एम0एल0ए0 फलैटस में रहना कोई भाोभा की बात नहीं है। मैं हाउस का ज्यादा समय न लेते हूये आपके जरिये अपने मुख्य मंत्री महोदय से यही प्रार्थना कंरूगा कि वे कोठी नं. 1 में फिर से वापिस जाने का कश्ट करें।

श्रीमती भाांति देवी (कैलाना): चेयरमैन साहब, हमारे कुछ विधायकों ने यह प्रस्ताव रखा है कि चीफ मिनिसटर साहब, जिन्होने उस दिन सदन में ऐला यिका था कि मउैं और सभी मंत्री एम0एल0ए0 फलैटस में रहेगें, वे एम0एल0एज0 फलैटस में बदलने की बजये कोठी नं0 1, सैक्टर–3ए चण्डीगढ़ में ही ठहरे रहें। वैसे तो मुख्य मंत्री और दूसरे मंत्रियों के लिये एम0एल0ए0 फलैटस में रहना बडी कठिनाई की बात है, यह हम समझते है। चेयरमैन साहब, जो कमेटी की रिपोर्ट आई थी ओर हाउस के अन्दर जो मांग की थी वह मुख्य मंत्री और राज्यपाल को छोडकर की गई थी। लेकिन मुख्य मंत्री महोदय ने अपनी इच्छा से कोठी खाली की

ओर फलैट में आ गये। इसके लिये इनको जितनी बधाई दी जाए उतनी ही कम है। लेकिन देखने वाली बात यह है कि जो आद र्ा मुख्य मंत्री जी ने रखा है उसका दूसरे मंत्रियों और हमारे विधायकों पर क्या असर हुआ? यह कई दिन की बात हो चुकी है ओर प्रैस के अन्दर भी यह चर्चा का विशय बन चुका है। मैं मुख्य मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगी कि अपने स्टेटस के अनुसार वे अपने पहले वाले भवन में चले जाएं लेकिन जो मंत्रीगण दो–दो हजार और अढाई हजार रूपये की किराये की कोठियों में रहते है वे उन्हें तुरन्त खाली करके छोटी कोठियों में चले जायें। इस चीज का फौरन डिसीजन लेना चाहिये। चेयरमैन साहब, मेरा विधायको से भी पुरजोर अनुरोध है कि उन्हे अगर चेयरमैनि ाप छोडनी पडे तो मुख्य मंत्री महोदय का आद र्ा अपनाना चाहिये। (व्यवधान) मैं चौधरी संत कंवर से प्रार्थना करती हूं कि वे इतने उतावले क्यो ं हो रहे है? अगर वे अच्छा उदाहरण पे ा करेगें तो हम सब उनका स्वागत करेगें। हम लोगों को तो जनता के सामने एक उदाहरण पे ा करना चाहिये।

चौधरी संत कंवरः चेयरमैन साहब, आन ए प्वायंट आफ आर्डर। बहन जी ने मेरी चेयरमैनी के उपर कुछ बात कही हैं इसके लिये जरूरी बात है कि मैं भी अपनी दो बात कहूं। मैं बहन जी के नोअिस में लाना चाहता हूं कि जब से में चेयरमैन बना हूं तब से इन पांच महीनों में 32 लाख रूपये का फायदा कारपोरे ान को हुआ है। चीफ मिनिस्टर साहब ने जो जिम्मेदारी मेरे उपर

डाली है उस जिम्मेदारी को मैं पूरे तरीके से निभा रहा हूं और जब भी चीफॅ मिनिसटर साहब चाहेगें तभी मैं इस जिममेदारी को छोड दूंगा।

श्री लहरी सिंह मेहराः चेयरमैन साहब, अभी चौधरी संत कंवर ने कहा है कि पांच महीने की मेरी चेयरमैनि ाप के अन्दर कारपोरे ान को बत्तीस लाख का फायदा हुआ है। क्या वह बतायेगें कि पहले कौन चेयरमैंन थे और उनके टाईम में कितना फायदा हुआ था?

चौधरी संत कंवरः चेयरमैन साहब, पहले चेयरमैन जे0के0 सिंह थे और उसके टाईम में भी कारपोरे ान को फायदा हुआ था।

उद्योग मंत्री (डा0 मंगल सैन): माननीय सभापति जी, मेरी प्रार्थना है कि माननीय सदस्य केवल प्रस्ताव पर ही अपने विचार रखें और इधर उधर की बातें न करें।

श्री सभापतिः मैं सदस्यगण से यह प्रार्थना करूंगा कि जो प्रस्ताव है उसी पर वे बोलें और इधर–उधर की बात करके सदन का टाईम वेस्ट न करे।

श्रीमती भाांति देवीः चेयरमेन साहब, मेरा अनुरोध है कि जिन कोठियों में हमारे अधिकारी बैठे है वे अपना स्थान ढूंढे और हमारे तमाम मंत्रीगण उन छोटी कोठियों मेंचले जाएं ओर उन एम0एल0एज0 को डिस्टर्ब न किया जाये जो अपने परिवार के साथ

अपना हक लिये बैठे है। दूसरी बात मैं चेयरमैन की नियुक्ति के बारे में कहना चाहती हूं । ये हमारे आई0ए0एस0 अफसरों के उपर.....गये है। मैं मानती हूं कि ये जन प्रतिनिधि है लेकिन जब.....

डा0 मंगल सैनः चेयरमैन साहब, ...वाला भाब्द कार्यवाही से निकाल दिया जाये।

श्री सभापतिः थोपना भाब्द कार्यवाही से निकाल दिया जाये।

श्रीमती भाांति देवीः चेयरमैन साहब, मैं कह रही थी कि मुख्य मंत्री जी अपनी कोठी में चले जाऐ और जो दूसरे मंत्रीगण है वे छोटी कोठियों में चले जायें.....

चौधरी राजेन्द्र सिंहः आन ए प्वांयट आफ आर्डर । चेयरमेन साहब, मैं निवेदन कंरूगा कि जिन विधायकों ने यह रैजोल्यू ान मूव किया है उन्हे कम से कम दो–दो मिनट बोलने का टाईम दिया जाये।

श्रीमती भाांति देवीः चेयरमैन साहब, मैं केवल इतना ही कहना चाहती हूं कि जो एम0एल0एज0 फलैटस में रहते है उनको डिस्टर्ब न किया जाये और मुख्य मंत्री महोदय अपनी उसी कोठी में चले जाये।

चौधरी हुक्म सिंह (दादरी): चेयरमैन साहब, चौधरी भागी राम ने जो यह रैजोल्यू ान पे ा किया हे इसका मैं स्वागत करता हूं। हमारे चीफ मिनिस्टर साहब को अपनी कोठी में वापिस चले जाना चाहिये क्योकिं उनके फलैट में रहने से कई दिक्कतें है। पहली बात तो यह है कि सिक्योरिटी प्वांयट आफ व्यू से भी यहां रहना ठीक नहीं है। हमारे पुलिस कर्मचारियों को यहां दिक्कत आती है। फलैट में जगह थोडी होती है ओर जो लोग इनके पास आयेंगें उनको बैठने के लिये कोई जगह नहीं है। अब गर्मियों का मौसम आने वाला है। बाहर टैंट लगाना पडेगा और बाहर लू में जनता परे ाान होगी ओर कोई जगह ऐसी है नही जहां पर लोग बैठ सकें। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि मुख्य मंत्री महोदय फलैट में न रहें। दूसरी बात बहन भाान्ति देवी ने कही कि हामरे मन्त्रियों को छोटी कोठियों मे चले जाना चाहिये जिससे कि खर्च कम हों इसके बारे में मेरा कहना यह है कि जो सरकारी कोठियों है उनमें तो वजीर साहिबान रहे तो कोई बात नहीं है। लेकिन जो प्राईवेट कोठियां है और जिनका किराया कम है अगर उनमें भी हमारे मिनिस्टर साहिबान रहें तो मैं समझता हूं कि कोई बुराई की बात नहीं है। हमारा मकसद सरकारी खर्चे में बचत करना है। लेकिन हम यह नहीं चाहते कि हमारा मुख्यमंत्री या अन्य मंत्रीगण का स्टेटस इतना गिर जाए कि वे एम0एल0ए0 फलैटस में रहे। ऐसा नहीं होना चाहिये। चेयरमैन साहब, मैं इस प्रस्ताव का स्वागत करता है।

चौधरी ई वर सिंह (गुहला–अनुसूचित जाति): चेयरमैन साहब, हमारे माननीय मुख्य मंत्री महोदय ने फलैट में रहकर सादगी का बहुत बडा सबूत दिया है लेकिन सुरक्षा की दृश्टि से तथा और कई बातों को देखते हुये उनका वहां रहना ठीक नहीं है ओर उनको वापिस अपनी कोठी में चले जाना चाहिये और जिन मंत्रियों को छोटी कोठियों में जाने के लिये कहा गया है उनको छोटी कोठिों में चले जाना चाहिये। बस मैं इतना ही कहना चाहता हूं।

(12.00 बजे) **चौधरी राजेन्द्र सिंह (बल्लभगढ़):** चेयरमेन साहब, हमारे साथी विधायक चौधरी भागी राम जी ने जो रैजोल्यू ान सदन में पे ा किया है कि मुख्य मंत्री जी को अपना निवास स्थान एम0एल0एज0 फलैट में बदलने की बजाये कोठी नं01, सैक्टर तीन में ही रहना चाहिये, मैं इसका समर्थन करने के लिये खडा हुआ हूं। चेयरमैन साहब, यह हमारे प्रदे ा का सौभाग्य रहा है कि हमारे मुख्य मंत्री जी काफी बातों मे सोर्स आफ इंसपायरे ान रहे है लेकिन जहां तक इनका एम0एल0एज0 फलैट में जाने का संबंध है वह केवल मुख्य मंत्री जी तक ही सीमित नहीं होना चाहिये। ठीक है मुख्य मंत्री जी एक आद र्ा देना चाहते है। ताकि हमारे एडमिनिस्ट्रे ान के अनदर या राज्य केअन्दर खर्चा कम हो। मुख्य मंत्री जी बहुत ही थोडे समय में फलैट के अन्दर आ गये लेकिन उनके वाहां आने से बहुंत सी मु ि कलात आ रही है। मु ि कलात केवल एम0एल0.एज0 को ही नहीं आई बल्कि

जनता को भी आई है। इसलिये मैं उनसे निवेदन करूंगा कि चुंकि वे डैमोक्रेसी में वि वास रखते है और सभी लोग यह चाहते है कि अगर वे अपने पुराने निवास स्थान पर चले जाएं तो वहां से अच्छा एडमिनिस्ट्रे ान चल सकता है। और लेागों की सेवा वहां से ही अच्छी तरह से हो सकती है। मैं एक बार फिर मुख्य मंत्री जी से निवेदन करूंगाकि वे अपने पुराने निवास स्थान पर चले जायें । उनहोने जो आद र्ा दिया हे हम उसको मानते है ओर हम भी कम खर्चा करने की पूरी कोि ा ा करेगें।

चौधरी भाग मल (सढौरा–अनुसूचित जाति): चेयरमेन साहब, जो रैजाल्यू ान पे ा यिका गया हे मैं इसके बारे में दो भाब्द कहना चाहता हूं। हमारे चीफ मिन्स्टिर सहब ने जो बडी कोठियों मे रहने की परम्परा हटाई है इसके लिये मैं उनका बहुत धन्यवाद करता हूं । लेकिन जहां पर आज कल हमारे मुख्य मंत्री जी ने डेरा लगाया है वह एम0एल0एज0 फलैटस है और वहां पर जो एम0एल0एज0 अपनी फैमिली के साथ रहते है उनकी प्राइवेट लाइफ में बाधा पडेगी । इसलिये मेरा सुझाव है कि एम0एल0एज फलैट में कोई भी मिनिस्टर नहीं आना चाहिये या फिर एम0एल0एज के लिये कोई और जगह दी जाये। एक मेरा सुझाव और है कि हमारे पास कई कोठियां ऐसी है जो पहले डी0सी0 को दी जाती थी इसलिये उनको खाली करवा कर उनमें मिनिस्टर्ज को रखा जाये। ज्यादा न कहता हुआ मैं मुख्य मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि वे वापिस अपनी कोठी में चले जाएं।

चौधरी हरस्वरूप बूरा (मेहम): चेयरमैन साहब, जितने भी हमारे भाई बोले है उन सब की यही भावना है कि हमारे चीफ मिनिस्टर साहब को बगैर सोचे अपनी कोठी में वापिस चले जाना चाहिये। इसमें कोई दो राय नहीं कि आज भी जब हमारे मुख्य मंत्री जी किसी गांव में जाते है तो वे वहां पर आम घरों में रूकते है और जहां तक उनकी सादगी का सवाल है इसमें भी कोई दो राय नहीं है। लेकिन एक बात मैं जरूर कहना चाहता हूं कि यहां पर चौधरी देवी लाल का एक एम0एल0ए0 के तौर पर सवाल नहीं है लेकिन सवाल मुख्य मंत्री का है। इसलिये उनके स्टेटस को देखते हूये, सीकेसी प्वांयट आफ व्यू को देखते हूये तथा सिक्योरिटी प्वांयट आफ व्यू को देखते हुये उन्हें बगैर किसी बात को देखते और हाउस की सैंस को देखते हुये आज ही भााम को अपनी पुरानी कोठी में ि ाफट कर लेना चाहिये। धन्यवाद।

श्री मनी राम (डबवाली–अनुसूचित जाति): चेयरमैन साहब, मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि मुख्य मंत्री जो फ्लैट छोड़ कर आज ही 12 बजे अपनी कोठी में चले जाऐ।

सरदार सुखदेव सिंह (रोड़ी): चेयरमैन साहब, जिन हमारे साथियों ने यह रैजोल्यू ान मूव किया अगर उनके नाम चेयर की तरफ आ जाते तो बडी अच्छी बात थी। मेरा ख्याल है कि अगर मैं उन सब के नाम पढ़ दूं तो भी कोइ एतराज की बात नहीं होनी चाहिये । (विघ्न) यह प्रस्ताव मैंने और मेरे साथियों ने इसलिये रखा कि हाउस में यह बात हो चुकी है कि चीफ मिनिस्टर

ओर मिनिस्टर्ज कोठियां छोड रहे है ओर एम0एल0एज0 से फलैटस छुडवा रहे है।

श्री जय नारायणः चेयरमैंन साहब, मेरा पवांयट आफ आर्डर है। कि जिन 13 आदमियों ने यह प्रस्ताव रखा है उनके अलावा दूसरे आदमियों को भी बोलने के लिये टाइम मिलना चाहिये।

सरदार सुखदेव सिंहः चेयरमैन साहब, मैं कह रहा था कि अगर ऐसा फैसला करना हो तो वह पहले पार्टी मीटिंग में किया जाये। अगर कोई खर्चा घटाना हो या बढाना हो तो उसके बारे में पहले पार्टी मीटिंग में फैसला किया जाना चाहिये ताकि जयादा कन्ट्रोवर्सी पैदा न हो। दो तीन दिन से हम सुन रहे है जनता कुछ कह रही है और एम0एल0एज कुछ कह रहे है। तो मैं हाउस से और मुख्य मंत्री जी से गुजारि ा करनाचाहता हूं कि मुंख्य मंत्री जी की भावना बहुत ठीक थी लेकिन ऐसा करने से कुछ ऐसी अड़चनें पैदा होगी जोकि ठीक नहीं होगी। इसलिये ज्यादा चर्चा न कते हुये मैं इतना ही कहूंगा कि वे वापिस अपनी कोठी में चले जाये। सारा हाउस यह चाहता है कि आप अपनी कोठी में चले जायें औार एम0एल0एज के लिये जो फलैटस बने हुये है उनको डिस्टर्ब न किया जाये। इतना ही कहते हुये मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

चौधरी जगजी सिंह पोहलू (पाई): चेयरमेन साहब, जो रैजोल्यू ान मूव किया गया है मैं उसका समर्थन करता हूं क्योंकि चीफ मिनिस्टर साहब का सवाल है न कि किसी एक आम आदमी का। चीफ मिनिस्टर साहब को सारी स्टेट का काम करना होता है और काम करने के बाद हर एक आदमी को आराम भी चाहिये। यहां पर फलैटस में कोई आराम की जगह नहीं है। इसके अलावा दुसरा स्टाफ भी यहां पर तंग है क्योकि यहां पर न उनके नहाने के लिये प्रबन्ध है और न खाने के लिये प्रबन्ध है। इसलिये मैं चीफ मिनिस्टर साहब से प्रार्थना करूंगा कि वे वापिस अपनी कोठी में चले जायें, और वहां जाकर अच्छी तरह से काम करे। यहां एम0एल0एज फलैट में दिखावा दिखाने की कोई आव यकता नहीं है।

कामरेड भांकर लाल (सिरसा): चेयरमैन साहब, मुझे भी चीफ मिनिस्टर साहब का इस फलैट में रहना बुरा लगता है ंसिक्योरिटी पवांयंट आफ व्यू से भी ययहां रहना ठीक नहीं है। इसलिये मेरी चीु मिनिस्टर साहब से प्रार्थना है कि वे अपनी पुरानी कोठी में चले जायें।

मुख्य मंत्री (चौधरी देवी लाल): चेयरमैन साहब, 13–14 मैंबरों की तरफ से यह रैजोल्यु ान आया है। इस रैजोलयू ान की मौजूदगी मैं मेरा कहने का मतलब है मुझे यहां बैठना नहीं चाहिये था मैं बडी मु कल में फसं गया था कि अगर मेरे पीछे यह प्रस्ताव पास हो गया तो भी ठीक नहीं है अगर रहूं तो भी

क्या कर सकता हूं। यह प्रस्ताव हाउस में जो मेरे साथी लाये ंहै मैं उनका म ाकूर हूं। (विघन) भावनी तो बडी अच्छी है आप सबकी लेकिन जो स्पीचिज हुई है उनसे जाहिर होता है कि सब ने मन बना लिया है कि होस्टल के सामने मुझे रहने नहीं देगें, एम0एल0एज फलैटस से निकाल कर ही रहेगे। मेरा मन ाा फलैट में रहने से एम0एल0एज को परे ाान नहीं करना था। मेरा मन ाा एक ही है कि इस हैवी ऐडमिनिस्ट्रे ान के एत्टेब्लि ामेंट का खर्च हमें कम करना है ताकि हरियाणा की डिवैल्पमेंट हो सके। ये खर्चे 1930 से चले आ रहे है। उस समय तो उनके समने एक ही बात होती थी जेल और फांसी। लेकिन हमारा मन ाा है कि इस ऐडमिनिस्ट्रे ान को क्लीन करे और इसके खर्चो को कम रकरे। इस उद्दे य को लेकर हम आये है कि हरियाणा की डिवैल्पमेंट करेगें। हम कोि ा ा करेगें कि हमारा हरियाणा सरे हिन्दुस्तान में अच्छा हो, तरक्की जदा करे। जो ज्यादा चर्चा कोठियों पर या सुर के सिलसिले में होता है इनकी बाबत हम गौर करेगे। मैं आपकी भावना को मानते हुये फलैट तो छोड दूंगा पर जाउंगा छोटी कोठी मैं। इन भाब्दों के साथ मैं अपने माननीय दोस्त से कहूंगा कि वे यदि अपना प्रस्ताव वापिस ले लें तो मैं उनका बडा म ाकूर हूंगा। (विघन)

चौधरी संत कवंरः चेयरमैन साहब, चौधरी साहब को बडी कोठी में रहना चाहिये। छोटी कोठी में उनको तकलीफ होगीं

हरियाणा के लोग उनके पास आते है वे कहां बैठेगे? इसलिये ये उसी कोठी में जायें, निसको इन्होने छोडा है।

सहकारिता तथा दुग्ध विकास मंत्री (चौधरी भजन लाल): सभापति महोदय, मुख्य मंत्री जी ने जो बात कही है मैं इस बात से सहमत नहीं हूं। वह इसलिये कि दे ा के राश्ट्रपति ने भी कहा था कि मै छोटे भवन में जाउंगा लेकिन दे ा के सिक्योरिटी अफसर जो थे उनहोने सिक्योरिटी प्वांयट आफ व्यू से बिल्कुल नहीं माना। प्रधान मंत्री जी ने भी कहा था परन्तु सिक्योरिटी प्वायंट आफ व्यु से उनकी बात भी नहीं मानी गई थी।। यहां चौधरी देवी लाल केवल देवी लाल नहीं है यहां मुख्य मंत्री का सवबी है, सीकरेसी के हिसाब से छोटी कोठी में नही जाना चाहिये। छोटी कोठी में जब वे टैलीफोन करेगें तो सब सडक पर सुनाई देगा। कल मैं एम0एल0ए0 फलैट गया चौधरी साहब उपर किसी को फोन कर रहे थे वह सडक पर सुनाई दे रहा था यहां तक कि जो गार्ड तम्बू लगा कर बैठे है उनको भी सुनाई दे रहा था। मुख्य मंत्री जी इस बात पर विचार करें और इस फैसले को बदलें इस हाउसमें जो रैजोल्यू ान लाया गया है उसको मान लें।

उद्योग मंत्री (डा0 मंगल सैन): चेयरमैन साहब, सारे सदन ने जो भावना व्यक्त की है मैं समझता हूं कि मुख्य मंत्री जी इसको रिसपौंस देगे। मुख्यमंत्री जी ने जो बात कही है मैं उनकी भावना का आदर करता हूं। परन्तु उनका समर्थन नहीं करता। जब स्वतन्त्रता संघर्श में प्रवे ा किया जाता हैं तो स्वतन्त्रता की मांग

करने वाले को जेल जाना पडता है ,फांसी की डोरी पर झूलना पडता हैं आज मुख मंत्री जी जिस पद को संभाले हुये है उस पर रहते हूये बडी परे ाानियां आती है, उनकी नीति है कि हरियाणा का विकास हो, हमस ब उनकी मं ाा के साथ है। उन्होने जो काम किया है एक प्रतीक के रूप में किया है एक सिम्बौलिक कदम उठाया था लेकिन हम मुख्यमंत्री जी से कहेगें कि वे अपनी कोठी में वापस चलें जाये। मैं आज हाउस में आ वासन देता हूं कि आगे आने वाले समय में हमस ब मिनिस्टर टी0ए0, टैलीफोन आदि के खर्च पर ध्यान देगें। हम आ वासन देते है कि ये सब खर्च घटेंगें। मैं इस प्रस्ताव के विशय को देखते हुये और अन्य सदस्यों की भावना को देखते हूये मुख,यमंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि वे जिस कोठी से आये है उसी कोठी मे ंचले जाये।

चौधरी देवी लालः मैं इस संबंध में ज्यादा बहस मुबाहिसा होना मुनासिब नहीं समझता। जब मेरे साथी डिप्टी लीडर ही मेरे साथ न रहे तो क्या हो सकता हैं इसलिये अब मैं अपने साथीयों से कहूंगा कि वे अपना प्रस्ताव वापिस ले ले।

श्री भागी रामः मैं अपना प्रस्ताव वापिस लेता हूं।

श्री सभापतिः क्या माननीय सदस्य को अपना प्रस्ताव वापिस लेने की अनुमति है?

आवाजेंः जी हां।

प्रस्ताव सदन की अनुमति से वापिस लिया गया।

3. राज्य मे पिछड़ी श्रेणियों के लिये सरकारी और अर्द्ध–सरकारी सेवाओं में भर्ती के लिये पदो ंके आरक्षण सम्बन्धी

Mr. Chairman: This resolution stands in the name os Shri Shamsher Singh Surjewala.

Industries Minister (Dr. Mangal Sein): He is not present.

Mr. Chairman: As the Hon. Member is not present, the resolution is not moved.

4. डी0एस0पीज0 के सिलैक ान ग्रेड के वेतन मान एच0सी0एस0 (ऐग्जैक्टिव) के बराबर लोन तथा सिलैक ान ग्रेड पदों की संख्या बढ़ाने सम्बन्धी

Mr. Chairman: The next resolution is in the name os Shri Har Swarup Bura. He may please move his resolution.

चौधरी हरस्वरूप बूरा (मेहम): चेयरमैन साहब, मैं प्रस्ताव करता हूं–

कि यह सदन राजय सरकार से सिफारि ा करता है कि डिप्टी सुपरिन्टेडैंट पुलिस के सिलैक ान ग्रेड के पदो ंके वेतनमान 1–1–1977 से एच0सी0एस0 (ऐग्जैक्टिव) के बराबर किये जायें और डी0एस0पीज0 के सिलैक ान ग्रेड के पदों की संख्या बढा कर 25 प्रति ात कर दी जाये।

श्री सभापतिः प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ–

कि यह सदन राजय सरकार से सिफारि ा करता है कि डिप्टी सुपरिन्टेडैंट पुलिस के सिलैक ान ग्रेड के पदो ंके वेतनमान 1–1–1977 से एच0सी0एस0 (ऐग्जैक्टिव) के बराबर किये जायें और डी0एस0पीज0 के सिलैक ान ग्रेड के पदों की संख्या बढा कर 25 प्रति ात कर दी जाये।

चौधरी हरस्वरूप बूराः चयेरमेन साहब, ज्वायंट पंजाब के अनदर, जब से हरियाणा बना है और डी0एस0पीज0 ओर एच0सी0एस0 के ग्रेड बिल्कुल बराबर थे लेकिन 1–1–1977 से एच0सी0एस0 का गेड 400–1250 से रिवाईज करके 700–1300 कर दिया गया लेकिन डी0एस0पीज0 का वही पुरान 400–1250 का है और सिलैक ान ग्रेड के अन्दर एच0सी0एस0 की 20 परसैंट पोस्टों का प्रोविजन रख दिया है औरउनके ग्रेड भी 1300–1500 की जगह 1500–1800 कर दिये लेकिन डी0एस0पीज0 के लिये सिलैक ान ग्रेड का प्रोविजन नहीं है उनका वहीं पुराना 400–1250 का ग्रेड है। हरियाणा के अन्दर लगभग 120 के करीब डी0एस0पीज0 है उनमें से सिर्फ दो को ही अभी तक सिलैक ान ग्रेड दिया गया है। चेयरमैन साहब, पंजाब पुलिस कमी ान ने भी अपनी सिफारि ाों के अन्दर यह बात कही थी कि एच0सी0एस0 और डी0एस0पीज0 की बेसिक ड्यूटीज को अगर कम्पेयर किया जाये तो डी0एस0पीज0 की डयूटीज जयादा है और बेसिक भी है। इस बात को देखते हुये इनके साथ बहुत जयादती हूई है। यह बात भाायद मेरे साथी महसूस भी करते होगें कि इनके साथ

कितनी ज्यादती हुई है। इन लोगों की डयुटीज ओर इनके काम को देखते हुये मैं तो यह महसूस करता हूं कि एच0सी0एस0 के ग्रेड रिवाइज होने से पहले डी0एस0पीज0 के गेड रिवाइज होने चाहिये थे। चेयरमैन साहब, एक और बडी अनियमितता दिखाई दे रही है। पंजाब पुलिस रूल्ज के अनुसार ए0एस0पीज0 और डी0एस0पीज0 के ग्रेड भी बराबर होने चाहिये क्योंकि उनके काम, उनकी डयूटीज की नेचर तथा उनकी जिम्मेदारी बराबर है लेकिन इस ग्रेड रीविजन के अन्दर ए0एस0पीज0 और एच0सी0एस0 के ग्रेड बराबर कर दिये गये जबकि डी0एस0पीज0 के स्केल रिवाइज नहीं किये गये ।तो यह बहुत बडी अनियमितता है। इस बात को देखते हुये मेरा यह सुझाव है कि जब ए0एस0पीज ओर एच0सी0एस0 के ग्रेड बराबर रखे है तो डी0एस0पीज0 के ग्रेड भी इनके बराबर करने चाहिये । इन भाब्दों के साथ मेरी हाउस से प्रार्थना है कि वह इस प्रस्ताव का समर्थन करे।

श्री दीपचन्द भाटिया(फरीदाबाद): चेयरमैन साहब, चौधरी हरस्वरूप बूरा जी ने जो रैजोल्यू ान हाउस के सामने रखा है मैं इसका समर्थन करता हूं। जहां तक पुलिस का ताल्लुक है, उससे हम काम तो खूब लेते है, वे 24 घंटें सर्विस करते है दिन रात सर्विस करते है, उनको न तो अपने बच्चों का ध्यान होता है ओर न ही उनको अपने रि तेदारों का ध्यान होता है। इसलिये मेरी हाउस से प्रार्थना है कि यह रैजोल्यू ान जरूर पास होना चाहिये। इसके साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि आई0जी0 का जो स्टेटस

है वह एक ज्वांयट सैक्रेटरी के बराबर है ं इसके लिये मैं मुख्य मंत्री जी से प्रार्थन करता हूं कि आई0जी0 का रैंक चुंकि बहुत बडा होता है इसलिये उस सको पावर्ज भी एक सैर्केटरी के बराबर होनी चाहिये और उसका स्टेटस भी एक सैक्रेटरी के बराबर होना चाहिये। चेयरमैन साहब, इसके अलावा में होम मिनिस्टर साहब से भी एक प्रार्थना करता हूं। इन लोगों के उपर 24 घंटे ला एंड आर्डर को मेनटेन करने की बात आती है और हर वक्त इनके खिलाफ लोग बोलते है। इसलिये मेरी होम मिनिस्टर साहब से प्रार्थना है कि इनकी तनख्वाह का भी ध्यान रखा जाये ओर जो सिलेक ान ग्रेड है उसका भी ध्यान रखा जाये ताकि इनमें रि वत की कोइ बात नर हो सके। चेयरमैन साहब, एक बात मै मुख्यमंत्री जी से और होम मिनिस्टर साहब से कहना चाहता हूं कि यह जो सिपाही है यह ऐसे ही पडे रहते है उनको रहने के लिये कोई जगह नहीं है और न ही उनको अपनी फैमिली रखने के लिये कोई स्थान है। इस बात की तरफ सभी सर्विसिज में ध्यान दिया जाता है और सभी डिपार्टमेंटस अपने कर्मचारियों का ध्यान रखते है। इसलिये मैं होम मिनिस्टर साहब से प्रार्थना करता हूं कि इन सब पुलिस वालों के रहने के लिये कमरे जरूर होने चाहिये क्योकि ये भी हमारे ही भाई है। इन भाब्दों के साथ मै इस रैजोल्यू ान का समर्थन करता हूं।

श्रीमती सुशमा स्वराज (अम्बाला छावनी): सभापति महोदय, मेरे भाई चौधरी हरस्वरूप बूरा ने सदन के सामने जो

प्रस्ताव रखा है मैं उसका समर्थन करने के लिये खडी हुई हूं। सबसे पहले तो मैं बधाइ देती हॅ भाई हरस्वरूप बूरा जी को क्यांकि इन्होने इन दोनों सर्विसिज के पे स्केल के अनदर जो डिसपैरिटी थी उसको इस प्रस्ताव के माध्यम से सदन के सामने रखा है । सभापति महोदय, जैसा हरस्वरूप बूरा जी ने बताया, जब से यह सर्विसिज बनी थी तब से लेकर सन 69 तक इनके सिलैक ान ग्रेड ओर इनके वेतनमान बिल्कूल एक से चल रहे थे। सन 69 मॅं थोडा सा अन्तर पडा। एच0सी0एस0 (एग्जैक्टिव) वालों का सिलैक ान ग्रेड कुछ बढा दिया गया लेकिन पुलिस सर्विसिज में इससे ज्यादा रिजैन्टमेंट नहीं हुई। परन्तु अन्त तब आया जब 1—4—1977 को बडी गलेरिंग डिसपैरिटी देाने के स्केल में कर दी गई। उनका 400—1150 और इनका 700—1300। इनका सिलैक ान ग्रेड भी बढा दिया । सभापति महोदय, आज पूरे देश में इस चीज का अहसास किया जा रहा हैं कि रैवेन्यू सर्विसिज के अधिकारी दूसरी सर्विसजि के लोगों को कुछ आने से हल्का महसूस करते है। वैसे यह बात पहले से चली आ रही हैं एक बार कैरों साबि के समय में भी यह बात चली थी कि डिप्टी कमि नर को अधिकार होगा कि वह एस0पी0 की रिपोर्ट लिखेगा। उन्होने कहा था ठीक हैं डी0सी0 एस0पी0 की रिपोर्ट लिखेगा और एस0पी0 डी0सी0 की रिपोर्ट लिखेागा। इससे डी0सी0 बौखला गये और उस प्रस्ताव को वही का वहीं रोक दिया गया था। दुबारा यह प्रस्ताव कांग्रेस सरकार के समय मं आया और मुझे अफसोस है कि उन्होने इस प्रस्ताव को पास कर दिया और रैवेन्यू अथोरिटी के हैड डिप्टी

कमि नर को यह अधिकार दे दिया कि वह एस0पी0 की रिपोर्ट लिखे हालांकि सिमिलर केडर पोस्ट हैं अगर डी0सी0 को रैवेन्यू ऐडमिनिस्ट्रे ान को चलाने का अधिकार है तो एक एस0पी0 के उपर तमाम कानून ओर व्यवस्था को बनाये रखने की जिम्मेवारी है। लेकिन फिर भी कहा गया कि एस0पी0 की रिपोर्ट डी0सी0 लिखेगा ओर लिखता रहा। सभापति महोदयख जब यह बात जनता सरकार के नोटिस में आई कि डिप्टी कमि नर एस0पी0 की रिपोर्ट लिखता है तो इसने इस बात को बेजा मान कर इस डिसपैरिटी को समाप्त कर दिया। (विघन) सभापति महोदय, देहली के बारे में आपको पता होगा। वहां पहले एस0पी0 हुआ करते थे लेकिन कुछ दिन पहले उनको पुलिस कमि नर की पोस्ट दी गई। डिप्टी कमि नर और लैफ्टिनैंट गवर्नर रैवन्यू ऐडमिनिस्ट्र ान का काम संभालेंगें। यह सिर्फ यह बताने के लिये किया गया कि वह अपने काम को उतनी ही जिम्मेदारी से निभाता है जितनी जिम्मेदारी से आई0ए0एस0 वाले अपनी जिम्मेदारी को निभाते है। (विघन) सभापति महोदय, मैं ज्यादा न कहते हुये अपने चीफ मिनिस्टर साहब से यह गुजारि ा करूंगी कि जिस तरीके से उन्होने एच0सी0एस0 (ऐग्जैक्टिव) और एच0सी0एस0 (जुडीि ायल) के पे स्केल में पाई जाने वाली डिसपैरिटी को समाप्त कर दिया था उसी तरह से इस डिसपैरिटी को भी समाप्त कर दे। आपको मालूम है कि एच0सी0एस0 (ऐग्जिक्टव) के स्केल को एक खास आदमी को ज्यादा फायदा पहुंचाने के लिये उनके स्केल एच0सी0एस0 (जुडीि ायल) से ज्यादा कर दिये गये थे। जब मुख्य

मंत्री जी के नोटिस में यह बात आई तो उन्होने एच0सी0एस0 (जुडीि ायल) के वेतनमान उनके बराबर कर दिये थे। मुझे उम्मीद है कि यह जो दूसरी डिसपैरिटी उनके सामने आई है इसको भी समाप्त करके वे डी0सी0पी0 और एच0एसी0एस0 (ऐग्जैक्टिव) के वेतनमान एक समान करेगें ओर सिलैक ान ग्रेड भी उनको उनके बराबर दे देगें।

कामरेड भांकर लाल(सिरसा): चेयरमैन साहब, मै भी इस रैजोल्यू ान का समर्थन करता हूं। लेकिन एक बात में हाउस के सामने रखना चाहता हूं कि जहां डी0एस0पी0 के बारे में कुछ सोचा जाये वहां पुलिस के दूसरे मुलाजिमों जैसे सिपाही, हवलदार और थानेदार आदि के बारे में भी कुछ न कुछ सोचा जाये। इतना ही कह कर मैं अपनी जगह लेता हूं।

चौधरी गंगा राम (गोहाना): चेयरमैन साहब, यह जो प्रस्ताव आया है एच0सी0एस0(ऐग्जैक्टिव) और डी0एस00पीज0 के पे–स्केल को बराबर करने के बारे में, इसको मैं समझता हूं कि पास किया जाना चाहिये और इस फर्क को जल्दी से जल्दी दूर किया जाना चाहिये। चेयरमैन साहब डी0एस0पी0 और एस0एच0ओ0. वगैरा अपनी डयूटी को तो करते ही है वे एच0सी0एस0 आफिसर्ज के साथ भी रात दिन काम किया करते है। मै इसकी एक मिसाल भी देनाचाहता हूं । जिस वक्त सारे हरियाणा में फलड आया उस वक्त एस0डी0ओ0 ओर डी0सी0 वगैरा के साथ पुलिस के अफसरान और एस0एच0ओज0 वगैरा भी

रात दिन वाहां रहते थे। इसके अलावा ला एंड आर्डर मेनटेन करने के लिये जहां कहीं भी हमारे एस0डी0ओ0 साहेबान जाते है, डी0सी0 साहब जाते है, वहां पुलिस अफसर भी उनके साथ जाते है। मेरा कहने का तात्पर्य यह है कि पुलिस वालों की 24 घंटे डयुटी लगी रहती है। चेयरमैन साहब, मै तो यह कहना चाहूंगा कि अगर हमारी सरकार हरियाणा के अन्दर हकीकत में ला एंड आर्डर की पोजी ान को साफ और स्पश्ट रखना चाहती है, अगर यह चाहती है कि यहां किसी किस्म की करप्ान न हो तो पुलिस को ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें दी जानी चाहिये। उनके बच्चों की पढाई का हमें ध्यान रखना चाहिये। इसी तरह से उनकी रिहाइ ा वगैरा काक हमें ख्याल रखना चाहिये। हमें तो यह देख कर हैरानी होती है कि एच0सी0एस0 औफिसर्ज के पीछे नोकरों की लाईन लगी होती है लेकिन पुलिस अफसरों को कोइ नहीं पूछता। मेरे कहने का मतलब यह है कि हम जो फैसिलीटीज एच0सी0एस0 औफिसर्ज को देते है वे पुलिस औफिसर्ज को भी अव य मिलनी चाहिये। इसके अलावा मैं यह भी कहना चाहता हूं कि आज हमारे थानों की हालत बहुत बूरी है। बिल्डिगं टूटी हुई है, रिहाइ ा के लिये मकान नहीं है। ये सारी बातें मैं इसलिये कह रहा हूं ताकि सरकार जो फैसिलिटीज एच0सी0एस0 आफिसज्र को देती है, वे उन पुलिस आफीसर्ज को भी दे जो दो दो डयूटीज करते है। वे अपना काम भी करते है और एच0सी0एस0 आफिसज्र वर्गरा के साथ भी जाते है। तो मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुये यह मांग करता हूं कि अव य ही इनकी तनख्वाह जो है एच0सी0एस0

औफिसर्ज के बराबर कर दी जानी चाहिये और इनको फैसिलीटीज भी उनके समान दी जानी चाहिये।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू (पाई): चेयरमैन साहब ,हरस्वरूप बूरा जी ने जो रैजोल्यू ान रखा है यह बडा अहम रैजोल्यू ान हैं मै इसकी पूरजोर ताईद करता हूं क्योकि एच0सी0एस0 वालों की ओर डी0एस0पीज0 दोनों की डयूटीज बराबर है। ला एंड आर्डर को मेनटेन करने के लिये पुलिसवालों का ख्याल रखना जरूरी है। पंजाब में इन लोगों की तनख्वाह बराबर हुआ करती थी। पहले हरियाणा में भी बराबर हुआ करती थी। लेकिन पिछले दिनों मे यह फर्क डाला गया। (विघन) इसलिये मेरी प्रार्थना है कि डी0एस0पीज0 को एच0सी0एस0 वालों के बराबर कर दिया जाये और जो फैसिलीटीज एच0सी0एस0 वालों को हो वही इनको दी जाये। चेयरमैन साहब मेरी सरकार से यह भी प्रार्थना है कि जो छोटे मुलाजिम है उनकी भी तनख्वाह बढाई जाये। (विघ्न)

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह): चेयरमैन साहब, चोधरी हरस्वरूप बूरा ने यह रैजोल्यू ान मूव करके वाक्या ही एक ऐसी बात आगे लाने की कोि ा ा की है जो एक बेइन्सा फी थी और अजिसको दूर करना लाजमी था। सदस्यगण जो भी बोले है सबने आने आने विचार व्यक्त किये लेकिन इसमें एक दोबातें मैं ओर ऐड करना चाहूंगा। पुलिस की हर कैटैगरी की सर्विस कंडी ांज इतनरी सख्त है जितनी किसी दिगरकैटैगरी की

नहीं है। होम पौर्टफोलियों मिलने के बाद जगह–जगह मैने थानों को विजिट कियाहै। मैनें सरप्राइज विजिट भी किये है। थानों की कंडी ांज बहुत बुरी हैं 100–100, 150–150 वसाल की बिल्डिंग बनी हुई है। (विघ्न) कांस्टेबल्ज के रहने के लिये जो बैरेक्स है वे बहुत तंग है। जहां तीन आदमी खप सकते है वहां 6–6 की चारपाइयां डली हुई हैं सरकार ने अब इस तरफ ध्यान देना भुरू किया है। यह सोचती है कि उन बिल्डिंग की हालत सुधारी जाये, जहां जरूरत हो नई बिल्डिंगज बनाई जाये। कांस्टेब्ल्ज को भी कुछ राहत देने की बात सरकार सोच रही है। जहां तक, चेयरमैन साहब, इस रैजोल्यू ान का सम्बन्ध है, मुख्य मंत्री जी के म ावरे के साथ मैं इस सदन में यह घोशणा करना चाहता हूं कि इन प्रिसिपल हमने यह मांग मंजूर कर ली हे। पे–स्केल में जो डिसपैरिटी है वह 1–4–1979 से दूर कर दी जायेगी। 77 वाली बात सरकार मानने मे असमर्थ है। (प्र ांसा)चेयरमैन साहब, सरकार के नोटिस में एक बात और आई है। 1–4–1979 से जो डी0एस0पी0 700–1200 के ग्रेड में होगें उनकी इंकीमेंट 50 रूपये होगी लेकिन जब कोई आई0पी0एस0 फै ा आता है तो उसकी इंकीमेंट 40 रूपये होती है। इस डिसपैरिटी को भी हम रिमूव करने की को ि ा ा करेगें। सैद्धातिंक रूप से यह डिसपैरिटी खत्म करके डी0एस0पीज0 को यह ग्रेड दे दिया जाएगा।

चौधरी हरस्वरूप बूराः चेयरमैन साहब, अभी–अभी महोदय ने हाउस में अनाउन्स किया है कि डी0एस0पीज0 के ग्रेडज

एच0सी0एम0 के बराबर कर दिये है और वे अप्रैल से लागू कर दिये जायेगें। इसके लिये मै उनको बधाई देता हूं लेकिन मैं आपके ,सारा उनका ध्यान एक बात की और दिलाना चाहता हूं कि आई0ए0एस0 के बराबर की जो दूसरी सर्विसिज है जैसे इंजीनियरिंग सर्विसिज और टैक्नोकैटस आदि उनके ग्रेडज बराबरी के होने चाहिये। इन भाब्दों के साथ मैं अपना प्रस्ताव वापिस लेता हूं।

(इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुये)

श्री उपाध्यक्षः क्या माननीय सदस्य को अपना प्रस्ताव वापिस लेने की अनुमति है?

आवाजें: जी हां।

प्रस्ताव सदन की अनुमति से वापिस लिया गया।

5. फसलों के लाजिमी बीमे के लिये कानून बनाने सम्बन्धी।

चौधरी प्रताप सिंह ठाकरान (गुडंगाव): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं प्रस्ताव करता हूं–

कि यह सदन राज्य सरकार से सिफारि ा करता है कि वह व्यापारिक या गैर–व्यापारिक फसलों के आग, पाला , ओलों, बाढ़ों तथा अन्य कुदरती मुसीबतों के कारण किसानों को होने

वाले ऐसे नुक्सान से बचाने के लिये फसलों के लाजमी बीमें के लिये कानून बनाने के लिये यूनियन सरकार से निवेदन करे।

श्री उपाध्यक्षः प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ–

कि यह सदन राज्य सरकार से सिफारि ा करता है कि वह व्यापारिक या गैर–व्यापारिक फसलों के आग, पाला , ओलों, बाढ़ों तथा अन्य कुदरती मुसीबतों के कारण किसानों को होने वाले ऐसे नुक्सान से बचाने के लिये फसलों के लाजमी बीमें के लिये कानून बनाने के लिये यूनियन सरकार से निवेदन करे।

चौधरी प्रताप सिंह ठाकरानः डिप्टी स्पीकर साहब, आप सभी जानते है कि हरियाणा एक कृशि प्रधान प्रदे ा है लेकिन यहां पर हर साल बाढ़, ओले, आग और दूसरी नैचूरल कैलेमिटीज आती रहती है जिनके कारण से किसानों को नुकसान होता है। सरकार जो थोडी बहुत मदद कर पाती है उससे उनकी पूर्ण रूप से सहायता नहीं हो पाती है। अब जो यह रैजोल्यू ान आया है उसमें लिखा है कि फसलों का बीमा किया जावे। आपको पता है कि किसी के घर मे ंचोरी हो जाये, समुद्र में कोई जहाज डूब जाये, एरोप्लेन ऐक्सीडेन्ट हो जाये तो सब को कम्पनसे ान मिलता है लेकिन किसान जो सारे भारत में सब से अधिक मात्रा में है उसकी फसल यदि नैचुरल कैलेमिटी से बरबाद हो जाती है तो उसके लिये कोइ कम्पनसे ान नहीं है। मैं आपके द्वारा सदन को प्रार्थना करता हूं कि इस रैजोलयू ान को यूनानिमसली पास

करके गवर्नमेंट आफ इंडिया को भेजा जाये और कृशि का लाजमी बीमा भी किया जाये।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू(पाई): डिप्टी स्पीकर साहब, ठाकरान साहब ने जो प्रस्ताव सदन में रखा है फसलों का बीमा किया जाये, उसकी मैं परुजोर ताईद करने के लिये खडा हुआ हूं। ओले से , आन्धी से या बारि ा से या अन्य किसी कारण से यदि किसी किसान की फसल तबाह हो जाती है तो उसका बीमा होना जरूरी है क्योकि किसान का इसके सिवाये दूसरा कोई साधन नहीं होता है। बीमा होने से मुसीबत के समय में उसके बच्चों को राहत मिल सकती है। सरकार को अपनी तरफ से भी अपनी तरफ से भी कोई फंड कियेट करना चाहिये जिसमें एक करोड या दो करोड रूपया हजो ताकि यदि कोई नैचुरल कैलेमिटी से नुकसान हो तो उनको मीट किया जा सके।

चौधरी संत कवंर(हसनगढ़): डिप्टी स्पीकर साहब, सदन में जिस प्रस्ताव पर बहस चल रही है मैं इसका समर्थन करने के लिये खडा हुआ हूं। यह प्रस्ताव फसलों के बीमें के बारे में है। मैं तो यह कहूंगा कि अगर चौधरी देवी लाल की सरकार में फसलों की बीमा करने की स्कीम नहीं लागू हो पाई तो आने वाली कोई भी सरकार इस स्कीम को लागू नहीं कर सकेगी। मेरी चौधरी देवी लाल जी से और ब्रिगेडियर रण सिंह जी से पूरजोर अपील है कि किसानों की फसल का अव य बीमा किया जाना चाहिये। आज गेंहू का एक किला बोने पर उसमें हल का, खाद का, बीज का

और पानी का 800–1000 रूपये के करीब खर्चा आ जाता है। अभी पिछले दिनों जिस तरह से ओले पडे है उससे किसानों के खेतों में कुछ भी नही रहा हैं उन किसानों के खेत में लान भी नही रहा है। जिस तरह से दरांती से कटाई करते है ऐसी फसल ओलों से तबाह हो गई है। इसी तरह से जब अनाज खलिहान में आ जाता है तो कई बार आग लग जाती है और बेचारा किससान तबाह हो जाता हैं बाढ के दोरान जो फसल तबाह हो जाती है उससे भी किसानों को काफी नुकसान हो जाता है।

चौधरी गंगा रामः डिप्टी स्पीकर सहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। समय बहुत कम है इसलिये हर मैंबर को दो दो मिनट दे दे ताकि सभी को समय मिल जाये।

चौधरी संत कंवरः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं एक बात कहना चाहता हूं कि ब्रिगेडियर रण सिंह जी जो हमारे एग्रीकल्चार मिनिस्टर है उनका विचार है कि बीमा करने की स्कीम लागू की जाये। वे कदम बढा चुके है। उन्होने कहा है कि जो फसल ओले से तबाह हो जाती है उस ुसल का बीमा यिका जाये लेकिन मेरा सुझाव है कि जो भी फसल किसी भी प्रकोप के कारण तबाह होती है उन सब का बीमा होना चाहियै।

चौधरी हरस्वरूप बूरा (मेहम): डिप्टी स्पीकर साहब, आज जो रैजोल्यू ान हाउस में आया है यह बहुत पहले आना चाहिये था। आपको पता है कि सारे हरियाणा का दारोमदार कृशि

पर है। आज हमें खु ाी है कि हरियाणा के कृशि मंत्री किसान है उन्होने परसों ही सदन को वि वास दिलाया है कि बीमा होना चाहिये। आपको पता है कि यदि कोई कारखाना जल जाता है तो उसको पैसा मिल जाता है। किसी कार या ट्रक का यदि ऐक्सीडेन्ट हो जाता है तो उसको पैसा मिल जाता है लेकिन जो फसल बाढ के प्रकोप में या अन्य किसी कारण से तबाह हो जाती है उसके एवज मे किसानों को कोई पैसा नहीं मिलता है। अगर कुछ थोडा बहुत पैसा मिलता है तो उसका कोइ अच्छा असर नहीं पडता हैं आज हर किसान दो–तीन रूपये किल्ले के हिसाब से देने के लिये तैयार बैठे है। इसलिये सरकार को ऐसा प्रबन्ध करना चाहिये कि जब भी फसल ओले या बारसात से तबाह हो तो उसको पूरा पैसा दिया जाये। मैं इस रैलोल्यू ान की स्पोर्ट करता हूं। (विघन) डिप्टी स्पीकर साहब, जो हमारे बैकवर्ड भाई है उनका भी ख्याल किया जाये ।इन भाब्दों के साथ मैं इस रैजोल्यू ान की पूरजोर ताईद करता हूं।

श्री जगन नाथ (बवानी–खेडा–अनुसूचित जाति): डिप्टी स्पीकर साहब, जो यह प्रस्ताव ठाकरान साहब ने सदन के सामने पे ा किया है, मैं ही नहीं मेरा विचार यह है कि सारा सदन इसकी स्पोर्ट करेगा। इसकी मुखालफित तो कोई कर ही नहीं सकता। इसके अन्दर अग्नि से, पाले से, हेल स्टोर्म से, बाढ से यानि 4–5 चीजें दी गयी है। जिनसे यदि नुकसान हो तो किसान को कम्पनसे ान मिलना चाहिये। लेकिन मेरा सुझाव है कि इसमें

कातरे से खाई हुई फसल भी भाामिल होनी चाहिये। जब पार्टी मीटिंग हुई थी, उस वक्त भी मैनें यह कहा था। कुछ इलाके जो रेगिस्तानी है जैसे गुडगांव या भिवानी जिला के कुछ इलाके है, वहां पर ज्यादा बारि ा से भी फसल बिल्कुल नहीं है। इसलिये हाउस में इस बात के लिये भी आना चाहिये कि किसान का कम्पनसे ान मिलेगा। .....(व्यवधान एवं भाोर).....मैं यह चाहता हूं कि यह प्रस्ताव हाउस में पास हो। पिछली सरकार के समय में भी एक प्रस्ताव पे ा किया गया था लेकिन उस समय सिरे नहीं चढ सका। मैं यह चाहता हूं कि किसान की फसल का बीमा अव य होना चाहिये और इसके लिये हमें यह रैजोल्यू ान पास करना चाहिये।

चौधरी राजेन्द्र सिंह (बल्लभगढ़): डिप्टी स्पीकर साहब, चौधरी प्रताप सिंह ठाकरान ने जो एक महत्वपूर्ण रैजोल्यू ान सदन में पे ा किया है मैं उसका समर्थन करने के लिये खडा हुआ हूं । यह बहुत बडी सच्चाई है कि हमारा हरियाणा प्रदे ा हर साल बाढ़ से, ओलों से तथा ओर कई प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त रहता है जिसकी वजह से किसानों की लाखों एकड भूमि में ुसल खराब हो जाती है। मैं इसमें ज्यादा न बोलते हुये अपने मुख्य मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि इस संबंध में हमारी सरकार सैंट्रल गवर्नमेंअ से फौरन बातचीत करें ओर काप इं योंरेस को लागू करे।

चौधरी रामकि ान (सफीदों): उपाध्यक्ष महोदय, जो रैजोल्यू ान हमारे माननीय सदस्य चौधरी प्रताप सिंह ठाकरान ने सदन के सामने रखा है, मैं इसका पुरजोर समर्थन करने के लिये खडा हुआ हूं। मैं मुख्य मंत्री से और इस महकमे के मंत्री ब्रिगेडियर रण सिंह जी से यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि किसान की जो हालत है वह किसी से भी छिपी हुई नहीं है। जितना बुरा हाल किसान का होता है जब बाढ़ आती है या सूखा आता है या ओले पडते है और किसी का नहीं होतता। इसलिये इन हालात को देखते हुये किसान की फसल का बीमा होना अति आव यक है। मैं ज्यादा न कहते हुये सिर्फ इतनी ही प्रार्थना करूंगा कि किसान की फसल का बीमा होना अति आव यक है, इसलिये इसके जिये जरूरी कार्यवाही की जाये। धन्यवाद। (व्यवधान व भाोर)

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः आन ए प्वांयट आफ आर्डर सर। मेंरा प्वांयट आफ आर्डर यह है कि 5 मिनट कासमय बाकी है और रै ाली इसको स्वीप किया जा रहा है जैसे कि इसकी कोई इम्पोटैन्स ही नहीं है । इसलिये मै आपसे यह निवेदन करना चाहता हूं कि कम से कम आधे घंटे का समय बढा दिया जाये ताकि मैंबर्ज को बोलने का पूरा मौका मिले ओर तमाम मैंबर्ज इस पर अपने विचार रख सकें।

आवाजें: समय बढाने की कोई आव यकता नहीं है।

श्री भागी राम (ऐलनाबाद–अनुसूचित जाति): डिप्टी स्पीकर साहब, जो प्रस्ताव ठाकरान साहब ने सदन के सामने पे ा किया है, मैं उसका पूरजोर समर्थन करने के लिये खडा हुआ हूं। इसमें मेराएक सुझाव है।

श्री जय नारायण: आन ए पवांयट आफ आर्डर सर। डिप्टी स्पीकर साहब, यह रैजोल्यू ान तो यूनानीमसली पास हो जाना चाहिये। इसमें टाईम जयादा खर्च करने की जरूरत ही नहीं है।

श्री भागी राम: जब कभी फैक्टरी में एक क्विंटल भी नर्मा जल जाता है। तो उसका पूरा पैसा फैक्टरी वाले को मिल जाता है। जमीदार को चाहे उसकी सारी फसल बरबाद हो जाये, लेकिनउसको आज तक कुछ नहीं मिलता हैं मेरी सी0एम0 साहब से और ब्रिगेडियर साहब से यह प्रार्थना है कि उसको भी कुछ न कुछ अव य ही मिलना चाहिये। मैं यह चाहता हूं कि इस रैजोल्यू ान को जल्दी से जल्दी पास किया जाये।

चौधरी लाल सिंह: डिप्टी स्पीकर साहब, मैं इस बारे में एक बहुत ही जरूरी सुझाव देना चाहता हूं। वैसे तो मैं इस रैजोल्यू ान का समर्थन करता हूं लेकिन मैं यह चाहता हूं कि मेरे सुझाव को भी इसमें भाामिल कर लिया जाये। मेरा सुझाव यह है

कि इस रैजाल्यू ान में यह बात भी जोड ली जाये कि खेती में जो काम आने वाला जानवर बैल है, उसका भी बीमा होना चाहिये।

चौधरी रिजक राम (राई): डिप्टी स्पीकर साहब, मुझे बहुत ज्यादा खु ाी है कि हाउस विचार कर रहा हूं कि किसान को उसकी फसल का कमपनसे ान देने के लिये उसकी फसल का बीमा होना चाहिय। मुझे इस बात की और जयादा खु ाी है कि मंत्री जी पहले ही इस बारे में सोच विचार कर रहे है। लेकिन एक बात मैं अर्ज करना चाहता हूं कि सन 1962–63 में सरदार प्रताप सिंह कैरों के समय में सैंट्रल गवर्नमेंट ने क्रेप इं योरैंस स्कीम लागू करनी चाही थी लेकिन उस वक्त लाईफ इं योंरैस कारपोरे ान ने उस में पार नहीं पडने दिया था। इसलिये मेरा आपसे सुझाव यह है कि आप इस के बारे में कोई न कोई एक्सपर्ट कमेटी बना दे। ताकि कोई अड़चनइ स सम्बन्ध में न आये, नही ंतो लाईफ इं योरैंस कारपोरे ान इस बात को मानने के लिये तैयार नहीं होगी। यदि कोई अड़चन इस बारे में आती है तो वह कमेटी उस अड़चन को दूर करने का प्रयत्न करे।

कृशि मंत्री (ब्रिगेडियर रण सिंह): डिप्टी स्पीकर साहब, जो रैजोलयू ान मेरे भाई प्रता सिंह ठाकरान ने हाउस के सामने रखा है मैने भी इसका स्वागत किया है। 3–4 दिन हुये मैने सब साहेबान को यह बताया था कि हरियाणा सरकार और खासतौर पर हमारे मुख्यमंत्री जी ओर मैं, इस प्रौब्लम को बहुत ज्यादा इम्पौटेंन्स दे रहे है। हम यह समझते है कि अगर हमारी सरकार

यह काम कर पायी, जैसे कि आप जानते है कि हमारे अन्दर कितनी हिम्मत है, मुझे पूरा यकीन है कि हम इसको करके दिखायेगें, तो हम एक निराली चीज किसान के लिये कर जायेगें। तो मैं आपको यह अ योरेंस देता हूं कि चाहे कुछ भी हो, चाहे हमें इसके लिये कुछ भी करना पडे, हम इस स्कीम को पूरा करेगें और इसे सक्सैसफुल करेगे। इसके बारे में आपको यह जानकर खु ाी होगी कि कल ही मेरी मुख्य मंत्री जी से बात हो रही थी तो इनहोने यह कहा कि यह स्कीम तो बहुत अच्छी है, चाहे कुछ भी करो, इसे पार करना चाहिये। इन्होने यह भी कहा कि पैम्लैटस बनाओ और जनता में बांटो ताकि जनता को यह मालूम हो सके कि हम उनके लिये क्या करने जा रहे है । इसके अलावा कल को सै ान खत्म हो रहा है। हम सारे लोग आने–अपने हल्कों में जायेगें। वहां पर हम लोगों को बतायें और उन्हे तैयार भी करैं। मैं यह चाहता हूं कि आप लोग लोगों को इसके लिये तैयार करने के साथ–2 हमें अपने सुझाव भी भेजें। मैने खुद कई मीटिगों में इस बारे मे बात की है। मैं पिछले दिनों अपने भाई भागीराम जी के हल्के ऐलनाबाद में गया हुआ था। वहां परमैने जमीदारां से बात की । उन्होने यह कहा कि चाहे जिस तरह से भी हो, इसे पूरा कर दो, हम जितना भी प्रीमीयम होगा, देने के लिये तैयार है, हमारी तो जान ही निकल जाती है जब बादल होते है। जब लोगों में इस तरह का उत्साह होगा तो यह स्कीम बडी आसानी से लागू हो सकेगी। एकबात चौधरी रिजक राम जी ने कही। मै उनहें यह बताना चाहता हूं कि हम दो मीटिगें तो कर चुके है। पिछली

मीटिग तो तकरीबन आज से एक हफता पहले हूई थी जिसमें जी0आई0सी0, प्लानिंग कमी ान गवर्नमेंट आफ इंडिया ओर दूसरे सब लोग वहां पर आये थे,। जहां तक चौधरी रिजक राम जी के सुझाव का सम्बनध है, हमनें पहले ही एक स्पै ाल कमेटी बना दी है ओर उसने अपना काम करना भी भुरू कर दिया है। एक भाई ने यह कहा था कि एक दो करोड़ रूपया लगाने से काम चल जायेगा लेकिन मैं हाउस को यह बता देना चाहता हूं कि सिर्फ एक या देा करोड रूपये से काम नहीं चलेगा। कम से कम इसके लिये 100 करोड रूपये का फंड कियेट करना पडेगा तब जाकर उससे 10–12 करोड रूपये के ब्याज की आमदनी होगी। 10–12 करोड रूपये की प्रीमीयम जायेगा तो 24 करोड रूपया जी0आई0सी0 भी देगी। यहां पर चौधरी हरस्वरूप बूरा या भाायद संत कंवर जी ने यह कहा कि हम तो 800 या 1000 रूपये तक प्रीमीयम देने के लिये तेयार है। अगर ऐसी बात है तो ठीक है। इन अल्फाज के साथ मैं ठकरान साहब से यह दरख्वास्त करूंगा कि वे इस रैजोल्यू ान को विदड्रा कर लें।

चौधरी प्रताप सिंह ठाकरानः डिप्टी स्पीकर साहब मंत्री महोदय के आ वासन कोदेखते हूये मैं अपना रैजोल्यू ान वापिस लेता हूं।

श्री उपाध्यक्षः क्या माननीय सदस्य को अपना रैजोल्यू ान वापिस लेने की अनूमति है?

आवाजें: जी हां।

प्रस्ताव सदन की अनुमति से वापिस लिया गया

श्री उपाध्यक्ष: अब सदन कल सुब 9.30 बजे तक के लिये स्थगित किया जाता हैं

13.00 बजे

(The Sabha then *adjourned till 9.30 a.m. on Friday, the 30th March, 1979)